## कार्यालय :– वन प्रमण्डल पदाधिकारी, बोकारो वन प्रमण्डल, बोकारो।।

**ज्ञापांक** 3226 **दिनांक** 18/11/22

**प्रतिलिपि** :– प्रबंधक (निर्माण), गेल इण्डिया लिमिटेड, राँची ई मेल– manishk@gail.co.in को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। अनुरोध है कि प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची द्वारा किये गये पृच्छा का बिन्दुवार अनुपालन प्रतिवेदन समर्पित किया जाय।

18/11/22

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
बोकारो वन प्रमण्डल, बोकारो।

18/11/2022

# कार्यालय : प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची।

वन भवन, डोरण्डा, राँची, झारखंड, पिन–834002, Email : pccf-ednodal@gov.in

पत्रांक:– .................... दिनांक:– ....................

6111
17/11/22

सेवा में,

वन संरक्षक,
प्रादेशिक अंचल, बोकारो।

विषय :– **मेसर्स गेल इण्डिया लिमिटेड का Tie-in Connectivity of ONGC Bokaro CBM Field into JHBDPL Network of GAIL परियोजना हेतु कुल 8.3618 हे0 वनभूमि अपयोजन का प्रस्ताव के संबंध में।**

प्रसंग :– आपका पत्रांक 822 दिनांक 17.10.2022

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र द्वारा मेसर्स गेल इण्डिया लिमिटेड का Tie-in Connectivity of ONGC Bokaro CBM Field into JHBDPL Network of GAIL परियोजना हेतु कुल 8.3618 हे0 वनभूमि अपयोजन प्रस्ताव दिनांक 21.10.2022 को ऑनलाईन माध्यम तथा हार्ड कॉपी में प्राप्त हुआ है। प्राप्त प्रस्ताव में जाँचोपरान्त निम्नलिखित त्रुटियाँ पायी गयी है, जो निम्नवत् है :–

1. प्रस्ताव के साथ परियोजना में कुल 8.08 हे0 गैर मजरूआ जंगल–झाड़ी भूमि प्रस्तावित है, किन्तु उनके गैर–वानिकी उपयोग हेतु संबंधित उपायुक्त के स्तर से निर्गत अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) संलग्न नहीं है।
2. प्रस्ताव के ऑनलाईन जाँचोपरान्त पाया गया कि KML file मात्र 8.3372 ha Forest Area का समर्पित किया गया है, जबकि Applied Forest area 8.3618 ha है। कृपया स्थिति स्पष्ट की जाय।
3. प्रस्ताव के साथ प्रस्तावित वनभूमि का DGPS Report in Shape file (Soft Copy) संलग्न नहीं है।
4. प्रस्ताव के साथ समर्पित CA land का Shape file CD के रूप में समर्पित है, परन्तु CD को Open करने पर ये Corrupted & Unreadable प्रदर्शित हो रहा है।

अतः अनुरोध है कि उपरोक्त इंगित त्रुटियों का निराकरण करते हुए अनुपालन प्रतिवेदन समर्पित किया जाय, ताकि प्राप्त प्रस्ताव पर अग्रतर कार्रवाई की जा सके।

विश्वासभाजन

ह0/–
प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक
बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची।

ज्ञापांक 1183 दिनांक 16.11.2022

**प्रतिलिपि** :– क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, बोकारो/वन प्रमंडल पदाधिकारी, बोकारो वन प्रमंडल, बोकारो को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

16.11.2022

प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक
बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची।

17/11/22